THROUGH HUMANITY TO PEACE

INDIAN RED CROSS SOCIETY

Bhagalpur District Branch

President/Secretary

Mob- 9470443136

पत्रांक 58/IRCS/BGP

दिनांक 09.05.18

दैनिक भास्कर, भागलपुर, बुधवार, 9 मई, 2018 8

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

रेडक्रास दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान

सिटी रिपोर्टर|भागलपुर

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा की ओर से मंगलवार को मुख्य भवन परिसर में विश्व रेड क्रॉस दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जगदीशपुर के स्वच्छता स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। द्वितीय सत्र में एसडीआरएफ के इंस्पेक्टर गणेश ओझा, अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी शंभू कुमार सिंह ने आपदा प्रबंधन पर मॉक ड्रिल कर भूकंप, आग, चक्रवात, शीतलहर, भगदड़, बाढ़, सड़क दुर्घटना आदि आपदाओं के टिप्स दिए। इसके बाद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन मनोज कुमार पाण्डेय ने रक्तदान कर किया। वहीं राजेश कुमार, विश्वदीप कुमार, सोनाली कुमारी, स्वाति कुमारी, सैयद नूर, शम्स आरफिन आदि ने भी किया रक्तदान किए। इससे पूर्व आपदा प्रबंधन प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय, रेड क्रॉस के संयुक्त सचिव प्रकाश चन्द्र गुप्ता, मास्टर ट्रेनर डॉ. वकील प्रसाद सिंह, वरीय सदस्य डॉ. संजय सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

INDIAN RED CROSS SOCIETY
Key Volenteer in D.M.
First Aid Emergency
Manoj Kumar Pandey

INDIAN RED CROSS SOCIETY ★ BHAGALPUR ★ 09.05.18

सचिव
रेड क्रॉस सोसाइटी
जिला शाखा
भागलपुर

THROUGH HUMANITY TO PEACE

INDIAN RED CROSS SOCIETY

Bhagalpur District Branch

President/Secretary

Mob- 9470443136

पत्रांक 58/IRCS/BGP

दिनांक 09.05.18

मॉकड्रिल कर आपदा से निपटने के बताए गुर

मंगलवार को रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान करते कार्यकर्ता । • हिन्दुस्तान

भागलपुर | कार्यालय संवाददाता

रेडक्रॉस दिवस

- सोसाइटी के मुख्य भवन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया
- सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

भारतीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह में सोसाइटी के मुख्य भवन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तो द्वितीय पाली में मॉकड्रिल के जरिये लोगों को आपदा से निपटने के गुर सिखाये गये।

स्वच्छता अभियान का शुभारंभ डॉ. संजय सिंह, प्रकाश चंद्र गुप्ता आदि ने किया। इस अभियान के बाद जगदीशपुर अंचल के स्वच्छताग्रहियों ने नुक्कड़ नाटक किया। द्वितीय पाली के तहत सुबह 10 बजे से इंस्पेक्टर एसडीआरएफ गणेश ओझा व स्टेशन हेड अग्निशमन विभाग भागलपुर द्वारा आयोजित कार्यशाला के जरिये लोगों को भूकंप, आग, चक्रवात, शीतलहर, भगदड़, सर्पदंश, बाढ़, सड़क दुर्घटना जैसी आपदा से निपटने के गुर सिखाये गये। इस अवसर पर सोसाइटी के आपदा प्रभारी मनोज कुमार पांडेय, डॉ. वकील प्रसाद आदि मौजूद रहे।

16 लोगों ने किया रक्तदानः दोपहर 12:30 बजे सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मनोज कुमार पांडेय, स्वयंसेविका स्वर्णलता कुमारी, स्वयंसेवक प्रशांत कुमार निराला, नवनीत कुमार पांडेय, कुंदन कुमार, शिशु कुमार, निकेत कुमार समेत 16 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के अवसर पर ब्लड बैंक के टेक्निशियन राजेश कुमार, सोनाली कुमारी, स्वाति कुमारी आदि ने रक्त संग्रह किया।

RED CROSS SOCIETY BHAGALPUR 09.05.18

INDIAN RED CROSS SOCIETY
Key Volenteer in D.M.
First Aid Emergency
Manoj Kumar Pandey

सचिव
रेड क्रॉस सोसाइटी
जिला शाखा
भागलपुर

THROUGH HUMANITY TO PEACE

INDIAN RED CROSS SOCIETY

Bhagalpur District Branch

President/Secretary

Mob- 9470443136

पत्रांक 58/IRCS/BGP

दिनांक 09.05.18

4 दैनिक जागरण भागलपुर, 9 मई 2018

संक्षिप्त खबरें

विश्व रेड क्रॉस दिवस पर सोमवार को रेड क्रॉस भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसका उद्घाटन डॉ. संजय सिंह, प्रकाश चंद्र गुप्ता और जावेद खां ने संयुक्त रूप से किया। भारतीय रेड क्रॉस के आपदा प्रभारी मनोज कुमार पांडे की देखरेख में आपदा से बचाव के टिप्स दिए गए। बाढ़ और आग से निपटने की जानकारी दी गई • जागरण

भागलपुर, बुधवार 9.05.2018 प्रभात खबर 07

रेडक्रॉस के जनक के सपनों को करेंगे साकार

भागलपुर. रेडक्रास के संयुक्त सचिव प्रकाश चंद्र गुप्ता ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस के जनक सन जॉन हेनरी ड्यूनाल्ट के जन्म दिवस पर उनके मार्गदर्शन का प्रचार-प्रसार करेंगे. उनके सपनों को मिलकर साकार करेंगे. वह भारतीय रेडक्रास सोसाइटी जिला शाखा की ओर से मंगलवार को विश्व रेडक्रास दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे. मौके पर रक्तदान शिविर में 16 यूनिट रक्त एकत्र हुए. इसका शुभारंभ डॉ संजय सिंह, प्रकाश चंद्र गुप्ता, जावेद खान व डॉ वकील प्रसाद सिंह सहित रेडक्रास के सभी प्रशिक्षित स्वयंसेवकों ने किया. स्वच्छता अभियान में जगदीशपुर अंचल के स्वच्छताग्रहियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मंचन किया. दूसरी पाली में सुबह 10 बजे एसडीआरएफ के इंस्पेक्टर गणेश जी ओझा व अग्निशमन पदाधिकारी शंभू कुमार सिंह ने आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला का मॉकड्रिल सह प्रशिक्षण सभी स्वयंसेवक को दिया.

INDIAN RED CROSS SOCIETY 09.05.18

INDIAN RED CROSS SOCIETY
Key Volenteer in D.M.
First Aid Emergency
Manoj Kumar Pandey

सचिव
रेड क्रॉस सोसाइटी
जिला शाखा
भागलपुर